रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** मार्च 2025 में, तुहिन कांत पांडे ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष के रूप में किसका स्थान लिया है?

**Ans**
✔ 1. माधबी पुरी बुच
✘ 2. सी.बी. भावे
✘ 3. अजय त्यागी
✘ 4. यू.के. सिन्हा

**Q.2** बंगाल में विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए किस सुधारक को जाना जाता है?

**Ans**
✘ 1. केशवचंद्र सेन
✔ 2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
✘ 3. स्वामी विवेकानंद
✘ 4. देवेंद्रनाथ टैगोर

**Q.3** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, राष्ट्रपति को संविधान के तहत अनुसूचित जनजातियों को निर्दिष्ट करने की शक्ति प्रदान करता है?

**Ans**
✘ 1. अनुच्छेद 340
✔ 2. अनुच्छेद 342
✘ 3. अनुच्छेद 343
✘ 4. अनुच्छेद 336

**Q.4** सिंधु नदी तंत्र के दाएं तट की सहायक नदी का चयन कीजिए।

**Ans**
✔ 1. काबुल नदी
✘ 2. रावी नदी
✘ 3. चिनाब नदी
✘ 4. झेलम नदी

**Q.5** जून 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ सूचीबद्ध हैं?

**Ans**
✘ 1. 14
✘ 2. 18
✘ 3. 24
✔ 4. 22

Q.6 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 240
- ✗ 2. अनुच्छेद 368
- ✗ 3. अनुच्छेद 280
- ✓ 4. अनुच्छेद 246

Q.7 हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में शुद्ध बोया गया क्षेत्र (net sown area) कम क्यों होता है?

Ans
- ✓ 1. सीधी ढालों और मृदा की पतली परतों के कारण
- ✗ 2. शहरी विस्तार के कारण
- ✗ 3. मृदा की अल्प उर्वरता के कारण
- ✗ 4. बारंबार आने वाली बाढ़ के कारण

Q.8 इंसुलिन कणिकाओं के निर्माण, पाचन, चयापचय और पुरुष प्रोस्टेट के कार्य में कौन-सा खनिज सहायता करता है?

Ans
- ✓ 1. जिंक
- ✗ 2. आयरन
- ✗ 3. फॉस्फोरस
- ✗ 4. निकल

Q.9 शरीर में कार्बोहाइड्रेट का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. यह विकास के लिए महत्वपूर्ण है।
- ✗ 2. यह हार्मोन को नियंत्रित करता है।
- ✓ 3. यह ऊर्जा प्रदान करता है.
- ✗ 4. यह शरीर को इन्सुलेशन प्रदान करता है।

Q.10 गुप्त साम्राज्य काल के दौरान भालों व तलवारों जैसे हथियारों के भंडार और आपूर्ति के प्रबंधन का उत्तरदायित्व निम्नलिखित में से किस अधिकारी के पास था?

Ans
- ✓ 1. रणभंडागारिक (Ranabhandagarika)
- ✗ 2. कुमारामात्य (Kumaramatya)
- ✗ 3. संधिविग्रहिक (Sandhivigrahika)
- ✗ 4. महादंडनायक (Mahadandanayaka)

Q.11 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई 2025 में रक्षा अलंकरण समारोह 2025 के चरण-I के दौरान चार मरणोपरांत सहित कितने कीर्ति चक्र प्रदान किए?

Ans
- ✗ 1. नौ
- ✗ 2. पंद्रह
- ✗ 3. बारह
- ✓ 4. छह

Q.12 किस संगठन ने भारत के विकास में उनकी भूमिका पर बल देते हुए 'मध्यम उद्यमों के लिए नीति की रूपरेखा तैयार करना' शीर्षक से रणनीतिक रिपोर्ट जारी की है?

Ans
- ✗ 1. MSME मंत्रालय
- ✗ 2. भारतीय रिज़र्व बैंक
- ✓ 3. NITI आयोग
- ✗ 4. भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा, अप्रैल 2025 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) पर हस्ताक्षर करने वाला प्रथम अफ्रीकी देश है?

Ans
1. मिस्र
2. मॉरीशस
3. सेनेगल
4. लेसोथो

Q.14 भारत में पूर्व-पुरापाषाण काल (Lower Palaeolithic period), जिसमें अशुलियन (Acheulian) चरण भी शामिल है, प्रायः कितने वर्ष BP तक विस्तरित है?

Ans
1. 40,000–12,000 वर्ष
2. 1,65,000–31,000 वर्ष BP
3. 6,00,000–1,50,000 वर्ष BP
4. 1,00,000–10,000 वर्ष BP

Q.15 निम्नलिखित में से किस भारतीय अंतरिक्ष मिशन ने फरवरी 2025 में सौर प्रज्वाल की पहली इमेज़ (image) खींची?

Ans
1. एस्ट्रोसैट (AstroSat)
2. आदित्य-L1
3. मंगलयान-2
4. चंद्रयान-3

Q.16 5 मई 2025 को केंद्र सरकार द्वारा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों को मंजूरी दिए जाने के कारण कौन-से दो स्थान चर्चा में रहे?

Ans
1. कोटा और पुरी
2. नवी मुंबई और ईटानगर
3. शिरडी और कन्नूर
4. पाकयोंग और कालाबुरागी

Q.17 निम्नलिखित में से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) का उद्देश्य सभी के लिए सस्ती, विश्वसनीय, संधारणीय और आधुनिक ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करना है?

Ans
1. लक्ष्य 12
2. लक्ष्य 7
3. लक्ष्य 10
4. लक्ष्य 5

Q.18 2025 में, केंद्र सरकार ने भारत का पहला स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) वृहद भाषा मॉडल (LLM) बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस स्टार्ट-अप का चयन किया?

Ans
1. सर्वम (Sarvam)
2. सृजन (Srijan)
3. सर्वश्रेष्ठ (Sarvshresht)
4. सर्वना (Sarvana)

Q.19 शब्द 'शुद्ध बोया गया क्षेत्र (net sown area)' किससे संबंधित है?

Ans
1. पांच वर्ष से अधिक समय तक बिना खेती की गई भूमि
2. वनों से आच्छादित भूमि
3. किसी वर्ष के दौरान फसलों सहित खेती किया गया कुल क्षेत्र
4. सिंचाई के अंतर्गत कुल क्षेत्र

Q.20 वैश्वीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans

1. विदेशी व्यापार को सीमित करना ✗

2. भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व के साथ एकीकृत करना ✓

3. रोजगार कम करना ✗

4. स्थानीय उत्पादन बढ़ाना ✗

Q.21 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का निर्देश देता है?

Ans

1. अनुच्छेद 55 ✗

2. अनुच्छेद 43 ✓

3. अनुच्छेद 41 ✗

4. अनुच्छेद 36 ✗

Q.22 भारत में आधिकारिक तौर पर आर्थिक उदारीकरण किस वर्ष प्रारंभ हुआ था?

Ans

1. 2000 ✗

2. 1985 ✗

3. 1991 ✓

4. 1995 ✗

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से नहीं बनाया गया था?

Ans

1. बॉम्बे राज्य ✗

2. गोवा राज्य ✓

3. मैसूर राज्य ✗

4. राजस्थान राज्य ✗

Q.24 अप्रैल 2025 में जारी एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, किस राज्य के संवेदनशील वन प्रभागों में पहली बार AI-आधारित वास्तविक समय वन मॉनीटरिंग प्रणाली लागू की गई है?

Ans

1. मध्य प्रदेश ✓

2. असम ✗

3. ओडिशा ✗

4. गुजरात ✗

Q.25 1947 में, भारतीय अर्थव्यवस्था में घोर गरीबी से ग्रस्त थी। स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था पर किस क्षेत्र का प्रभुत्व था?

Ans

1. औद्योगिक क्षेत्र ✗

2. विनिर्माण क्षेत्र ✗

3. सेवा क्षेत्र ✗

4. कृषि क्षेत्र ✓

Q.26 1920 के असहयोग आंदोलन में निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी शामिल थे?

Ans

1. ब्रिटिश अदालतों का बहिष्कार ✗

2. अधिकारियों पर हिंसक हमले ✓

3. कर देने से इनकार ✗

4. स्कूलों और कॉलेजों को बंद करना ✗

Q.27 पिटूनिया में कौन-सा वर्णक होता है जो अम्लीय वातावरण (निम्न pH) में उन्हें लाल-बैंगनी रंग देता है?

Ans

1. लाइकोपीन (Lycopene) ✗

2. एंथोसायनिन (Anthocyanins) ✓

3. कैरोटीन (Carotenes) ✗

4. बीटालिन (Betalains) ✗

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सी, कंप्यूटर की प्राथमिक मेमोरी है?

Ans
1. सीडी-रोम (CD-ROM) ✗
2. फ्लॉपी डिस्क (Floppy Disk) ✗
3. रैम (RAM) ✓
4. हार्ड डिस्क (Hard Disk) ✗

Q.29 भारत में, रेड बुल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (RBIL) वर्ष _______ से रेड बुल एनर्जी ड्रिंक और इसके विभिन्न प्रकारों का आयात और विक्रय कर रही है।

Ans
1. 2007 ✓
2. 2002 ✗
3. 2005 ✗
4. 2000 ✗

Q.30 मई 2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा निम्नलिखित में से किस रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (DPSU) को 'मिनीरत्न' श्रेणी-I का दर्जा दिया गया था?

Ans
1. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ✗
2. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) ✗
3. म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL) ✓
4. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) ✗

Q.31 78वें कान्स फिल्म महोत्सव में जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत भारतीय फिल्म 'होमबाउंड' के निर्देशक कौन हैं?

Ans
1. अनुराग बसु ✗
2. नीरज घेवान ✓
3. करण जौहर ✗
4. अनुराग कश्यप ✗

Q.32 भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?

Ans
1. न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ✓
2. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ✗
3. न्यायमूर्ति एन.वी. रमण ✗
4. न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ✗

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा पठार, पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट के बीच स्थित है?

Ans
1. दक्कन पठार ✓
2. छोटा नागपुर पठार ✗
3. मेघालय पठार ✗
4. मालवा पठार ✗

Q.34 किस उपन्यास के लिए पर्सीवल एवरेट (Percival Everett) को 2025 का पुलित्ज़र पुरस्कार मिला?

Ans
1. ग्लिफ़ (Glyph) ✗
2. जेम्स (James) ✓
3. द ट्रीज (The Trees) ✗
4. इरेजर (Erasure) ✗

Q.35 भारत में लोक अदालतों का आयोजन कौन करता है?

Ans
1. राज्य के महाधिवक्ता ✗
2. बार काउंसिल ऑफ इंडिया ✗
3. राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ✓
4. भारतीय विधि आयोग ✗

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा, रोपित और प्राकृतिक वनस्पति के बीच मुख्य अंतर है?

Ans
✗ 1. पत्तियों की संख्या
✓ 2. मानव पर्यवेक्षण शामिल
✗ 3. फलों की उपस्थिति
✗ 4. उत्पत्ति स्थान

Q.37 मार्च 2025 में निम्नलिखित में से किस संस्थान में 'श्री एस. रामकृष्णन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फ्लूइड एंड थर्मल साइंस रिसर्च" शुरू किया गया था?

Ans
✓ 1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
✗ 2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
✗ 3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
✗ 4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

Q.38 तिरुवनंतपुरम, केरल, भारत में स्थित कुटियाट्टम केंद्र की देखरेख निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन करता है?

Ans
✗ 1. केरल पर्यटन विभाग
✗ 2. शिक्षा मंत्रालय
✓ 3. संस्कृति मंत्रालय
✗ 4. यूनेस्को (UNESCO)

Q.39 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, कोंकणी प्रमुख रूप से बोली जाने वाली भाषा है?

Ans
✓ 1. गोवा
✗ 2. अरुणाचल प्रदेश
✗ 3. त्रिपुरा
✗ 4. असम

Q.40 कंप्यूटर नेटवर्किंग में संक्षिप्त रूप 'MAN' का क्या अर्थ है?

Ans
✗ 1. Main Access Node (मेन एक्सेस नोड)
✗ 2. Mobile Area Network (मोबाइल एरिया नेटवर्क)
✓ 3. Metropolitan Area Network (मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क)
✗ 4. Medium Access Network (मीडियम एक्सेस नेटवर्क)

## Section : Mathematics

Q.1 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$2\left(\left(\frac{5}{2}\right)x^2 - 28x + 17\right) - 5(x^2 + 6x - 18)$$

Ans
✗ 1. 86x + 124
✗ 2. −86x − 124
✗ 3. 86x − 124
✓ 4. −86x + 124

Q.2 यदि $\operatorname{cosec}\theta + \sin\theta = 2$ है, तो $\operatorname{cosec}^6\theta + \sin^6\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. $\frac{1}{2}$
✓ 3. 2
✗ 4. 3

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | $2^2 + \sqrt{5^2} - 3\sqrt{25} - 10$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. -7 | |
| | ✗ 2. -10 | |
| | ✓ 3. -16 | |
| | ✗ 4. -8 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | संख्याओं 4.7 और 0.04 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✓ 1. 9.4 | |
| | ✗ 2. 0.94 | |
| | ✗ 3. 94 | |
| | ✗ 4. 0.094 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | पाइप A किसी टैंक को 17 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 24 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है। जब तीनों पाइप एक-साथ चालू कर दिए जाते हैं, तो टैंक को भरने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✗ 1. $16\frac{78}{191}$ घंटे | |
| | ✗ 2. $13\frac{78}{191}$ घंटे | |
| | ✗ 3. $10\frac{78}{191}$ घंटे | |
| | ✓ 4. $6\frac{78}{191}$ घंटे | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | मनीषा ने एक खिलौना ₹849 में खरीदा, उसे ₹6 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹441 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. $920\%$ हानि | |
| | ✗ 2. $\frac{930}{19}\%$ लाभ | |
| | ✓ 3. $\frac{920}{19}\%$ हानि | |
| | ✗ 4. $\frac{920}{19}\%$ लाभ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 108 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 189 | |
| | ✗ 2. 194.5 | |
| | ✓ 3. 193.5 | |
| | ✗ 4. 188 | |

**Q.8** शिफा किसी निश्चित कार्य को 30 दिनों में पूरा कर सकती है। शिफा और अफिया मिलकर उसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा शिफा, अफिया और मरियम मिलकर उसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकती हैं। शिफा और मरियम उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

**Ans**

✔ 1. $\frac{45}{4}$

✗ 2. $\frac{37}{4}$

✗ 3. $\frac{40}{5}$

✗ 4. $\frac{53}{6}$

---

**Q.9** $2^3 - 3^2 + (\frac{2}{2})^2 - 2 + 4 \times 7$ का मान ज्ञात करें।

**Ans**

✗ 1. 28

✔ 2. 26

✗ 3. 31

✗ 4. 35

---

**Q.10** एक व्यापारी दालों को 48% लाभ पर बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से उस बाट का भी उपयोग करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 12% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans**

✗ 1. 72%

✗ 2. 63%

✔ 3. 68%

✗ 4. 71%

---

**Q.11** अब्दुल और मोहसिन ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹79,200 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹14,400 के कुल लाभ में से, मोहसिन का हिस्सा ₹2,600 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

**Ans**

✗ 1. ₹52,000

✗ 2. ₹51,400

✗ 3. ₹49,800

✔ 4. ₹50,600

---

**Q.12** किसी निश्चित मूलधन पर 5.9% वार्षिक ब्याज दर पर $9\frac{1}{2}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹6,726 है। उसी मूलधन पर 5.6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $3\frac{1}{7}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. ₹14,112

✗ 2. ₹14,095

✗ 3. ₹14,100

✗ 4. ₹14,104

---

**Q.13** △ABC में, D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 60° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 49° है। ∠AEB की माप ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 87°

✔ 2. 79°

✗ 3. 85°

✗ 4. 80°

Q.14 $\sqrt{169} + \sqrt{0.0196} - \sqrt{4.41}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 6.17
2. 4.52
3. 5.64
4. 11.04

Q.15 यदि किसी त्रिभुज की भुजाएँ 72 cm, 90 cm और 54 cm हैं, तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($cm^2$ में)

Ans
1. 1954
2. 1944
3. 1912
4. 1973

Q.16 एक व्यक्ति एक दर्शनीय स्थल तक पैदल जाता है और अपनी कार से नियत चाल बनाए रखते हुए प्रारंभिक बिंदु पर वापस आता है तथा इस प्रकार, उसे कुल 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। उसे दोनों ओर कार से जाने में 2 घंटे कम समय लगता है। समान पैदल चाल से दोनों ओर जाने में उसे कितना समय लगता है?

Ans
1. 5 घंटे 15 मिनट
2. 7 घंटे 30 मिनट
3. 6 घंटे 45 मिनट
4. 6 घंटे 30 मिनट

Q.17 रूपेश, मंदार और केतन का औसत वजन 45 kg है। यदि रूपेश और मंदार का औसत वजन 43 kg है और मंदार और केतन का औसत वजन 49 kg है, तो मंदार का वजन (kg में) कितना है?

Ans
1. 69
2. 59
3. 64
4. 49

Q.18 75 का 65%, 25 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 31.75
2. 27.75
3. 33.75
4. 30.75

Q.19 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 11 और 440 है। यदि इनमें से एक संख्या 55 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 70
2. 88
3. 10
4. 14

Q.20 एक महिला 488 km की दूरी 61 km/hr की चाल से, 468 km की दूसरी दूरी 78 km/hr की चाल से और 210 km की तीसरी दूरी 35 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 68.8
2. 61.1
3. 59.7
4. 58.3

**Q.21** 10 पेन और 3 पेंसिलों की कीमत ₹129 है। यदि एक पेन की कीमत ₹6 कम हो जाती है और एक पेंसिल की कीमत ₹9 बढ़ जाती है, तो 8 पेन और 2 पेंसिलों की कीमत ₹72 हो जाती है। 9 पेन और 16 पेंसिलों की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹160
- ✓ 2. ₹156
- ✗ 3. ₹155
- ✗ 4. ₹161

**Q.22** 4 महीने के लिए 3% प्रति माह की ब्याज दर से ₹1,200 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 12
- ✓ 2. 144
- ✗ 3. 32
- ✗ 4. 24

**Q.23** यदि 50 और 30 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 20
- ✗ 2. 15
- ✗ 3. 21
- ✓ 4. 18

**Q.24** यदि किसी गोले की त्रिज्या को उसकी मूल त्रिज्या से बारह गुना बढ़ा दिया जाए, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल कितने गुना बढ़ जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. 164
- ✓ 2. 144
- ✗ 3. 128
- ✗ 4. 64

**Q.25** एक किताब का अंकित मूल्य ₹500 है। त्यौहारी सेल के दौरान इसे 10% छूट पर बेचा जाता है। दी गई छूट की राशि कितनी है?

**Ans**
- ✓ 1. ₹50
- ✗ 2. ₹60
- ✗ 3. ₹40
- ✗ 4. ₹45

**Q.26** यदि मैरी की वर्तमान आयु का 3 गुना, दीया की वर्तमान आयु के 5 गुना से 22 वर्ष अधिक है, और दीया की वर्तमान आयु का 3 गुना, मैरी की वर्तमान आयु से 2 वर्ष कम है, तो मैरी और दीया की आयु के बीच अंतर (वर्षों में) कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 15
- ✓ 3. 10
- ✗ 4. 13

**Q.27** 67 − 9 × [ 4 + 3 × { 16 − 8 ( 6 − 5 ) × 2} ÷ 32] का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 25
- ✓ 2. 31
- ✗ 3. 40
- ✗ 4. 47

Q.28 ₹500 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को 10% और 14% की क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। खरीदार 10% छूट देने के बाद इसे 15% के लाभ पर बेचना चाहता है। उस वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 474
✗ 2. 485
✓ 3. 494.50
✗ 4. 484.50

Q.29 नेहा, रजत और अविनाश ने क्रमशः ₹1,430, ₹1,680 और ₹1,340 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,780 है, तो लाभ में अविनाश का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹537
✗ 2. ₹533
✓ 3. ₹536
✗ 4. ₹538

Q.30 रमन की आय ₹91,700 है। वह अपनी आय के 25% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 27% की वृद्धि होती है और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________________ होगी।

Ans
✗ 1. ₹2,754 की वृद्धि
✗ 2. ₹2,753 की कमी
✗ 3. ₹2,753 की वृद्धि
✓ 4. ₹2,751 की कमी

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

32 B 5 C 63 B 5 D 89 C 9 A 9 D 7 = ?

Ans
✗ 1. 308
✓ 2. 380
✗ 3. 349
✗ 4. 293

Q.2 सात व्यक्ति, I, J, K, L, M, N और O, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L और J के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। N, I के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। M, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ 1. एक
✗ 2. तीन
✗ 3. चार
✗ 4. दो

Q.3 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RBNH का संबंध LVHB से है। उसी प्रकार, TDPJ का संबंध NXJD से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BLXR का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✗ 1. VFLR
✗ 2. VLRF
✗ 3. VRFL
✓ 4. VFRL

Q.4 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, चार-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 4138 2345 6367 5353 1276 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 6975 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, तीसरा अंक = 7 और चौथा अंक = 5 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक से गुणा किया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✔ 1. 9
✗ 2. 6
✗ 3. 7
✗ 4. 5

Q.5 शहर T, शहर S के पश्चिम में है। शहर U, शहर T के दक्षिण में है। शहर V, शहर U के पश्चिम में है। शहर W, शहर V के दक्षिण में है। शहर X, शहर W के पश्चिम में है। शहर S के संदर्भ में शहर X की स्थिति क्या है?

Ans
✔ 1. दक्षिण-पश्चिम
✗ 2. दक्षिण-पूर्व
✗ 3. उत्तर-पूर्व
✗ 4. उत्तर-पश्चिम

Q.6 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A ¥ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
'A = B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

यदि 'A = S # G % E ¥ D' है, तो A का D से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. भाई की पत्नी
✗ 2. बहन का पुत्र
✗ 3. बहन का भाई
✗ 4. भाई का पुत्र

Q.7 करण, शिव, रितु, हिमानी, गुंजन और परी एक सीधी रेखा में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। करण, हिमानी के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। हिमानी, दाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठी है। परी, गुंजन के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है। शिव, करण के पड़ोस में नहीं बैठा है। गुंजन के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. रितु
✔ 2. शिव
✗ 3. हिमानी
✗ 4. करण

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

USR ROT OKV LGX ?

Ans
✗ 1. JWZ
✔ 2. ICZ
✗ 3. LKX
✗ 4. IDS

**Q.9** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(48, 26, 15)
(88, 46, 25)

**Ans**
- ✗ 1. (36, 20, 8)
- ✗ 2. (58, 34, 19)
- ✓ 3. (24, 14, 9)
- ✗ 4. (12, 6, 7)

**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ 1. KO-RN
- ✗ 2. NR-UP
- ✗ 3. AE-HC
- ✗ 4. QU-XS

**Q.11** राज अपनी कक्षा में शीर्ष से 35वें स्थान पर तथा नीचे से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 63
- ✗ 2. 62
- ✗ 3. 60
- ✓ 4. 61

**Q.12** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी उद्यान, वन हैं।
सभी वन, घास के मैदान हैं।
निष्कर्ष:
(I) सभी उद्यान, घास के मैदान हैं।
(II) सभी घास के मैदान, वन हैं।

**Ans**
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: सभी कांटे, चम्मच हैं। कुछ कांटे, टोपी हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ चम्मच, टोपी हैं।
निष्कर्ष (II): सभी टोपी, कांटे हैं।

**Ans**
- ✓ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
- ✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.14 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOAD' को '5364' तथा 'GOLD' को '4136' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 1 ✔
2. 6 ✗
3. 4 ✗
4. 3 ✗

Q.15 सात बॉक्स F, G, H, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। O को F के ठीक ऊपर रखा गया है। G को M के ठीक ऊपर रखा गया है। N के ऊपर केवल P को रखा गया है। O के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। H और P के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. चार ✗
2. तीन ✔
3. एक ✗
4. दो ✗

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

19 42 78 122 179 ?

Ans
1. 244 ✔
2. 234 ✗
3. 204 ✗
4. 243 ✗

Q.17 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

154 181 208 ? 262 289

Ans
1. 260 ✗
2. 228 ✗
3. 242 ✗
4. 235 ✔

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

LSP 15 OOO 12 RKN 9 UGM 6 ?

Ans
1. XCL 3 ✔
2. DLV 4 ✗
3. DSR 9 ✗
4. XLC 7 ✗

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. TOV ✗
2. NIO ✔
3. QLS ✗
4. KFM ✗

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. MQ-TX ✗
2. FJ-MQ ✗
3. IM-PT ✗
4. KO-RW ✓

Q.21 यदि संख्या 4562734 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
1. 6 ✓
2. 7 ✗
3. 4 ✗
4. 5 ✗

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से HLOY का संबंध KNRA से है। उसी तरीके से, TTAG का संबंध WVDI से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से CZJM का संबंध किससे है?

Ans
1. FMOB ✗
2. FBOM ✗
3. FOMB ✗
4. FBMO ✓

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

561 560 562 561 563 562 564 ?

Ans
1. 563 ✓
2. 564 ✗
3. 565 ✗
4. 562 ✗

Q.24 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 ÷ 4 + 78 × 13 − 13 = ?

Ans
1. 65 ✗
2. 55 ✗
3. 63 ✓
4. 58 ✗

Q.25 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DONT' को '1097' और 'NATO' को '0187' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा?

Ans
1. 0 ✗
2. 7 ✗
3. 8 ✓
4. 1 ✗

**Q.26** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 6 \ & > 3 @ 8 * & @ 7 1 ^ @ 4 ? \ ? 4 5 < (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✓ 3. तीन
- ✗ 4. चार

**Q.27** मिस्टर टोनी अपनी कक्षा में नीचे से 94वें स्थान पर और ऊपर से 65वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 157
- ✗ 2. 159
- ✓ 3. 158
- ✗ 4. 156

**Q.28** संख्या 67849315 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 9
- ✓ 3. 10
- ✗ 4. 11

**Q.29** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

CURD - RCUD - DRUC
KIDS - DKIS - SDIK

**Ans**
- ✗ 1. PEAT - EPAT - TEAP
- ✓ 2. WASH - SWAH - HSAW
- ✗ 3. TEAM - TAEM - MAET
- ✗ 4. SLAY - ASLY - LAYS

**Q.30** रिया बिंदु P से ड्राइव करना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 8 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 11 km ड्राइव करती है, फिर वह दाएं मुड़ती है और 14 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 15 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 2 km ड्राइव करती है, फिर वह बाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है और बिंदु Q पर रुक जाती है। बिंदु P पर फिर से वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ 1. 4 km उत्तर की ओर
- ✗ 2. 6 km उत्तर की ओर
- ✗ 3. 4 km दक्षिण की ओर
- ✓ 4. 8 km दक्षिण की ओर